# प्रेस नोट थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर 06.09.2025

## धोखाधड़ी करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गीडा के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष हरपुर बुदहट के नेतृत्व में उ0नि0 तनवीर अहमद खाँ मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 177/2024 धारा 419/420/467/468/471/120(बी) भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त हसीमुल्ला को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 29.01.2024 को अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर वादी के पिता का कूटरचित आधार कार्ड बनाकर उनकी जमीन धोखे से बैनामा करवा लिया गया। जिसके संबंध में वादी मुकदमा से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

हसीमुल्ला पुत्र स्व0 इलताफ हुसैन निवासी भरगांवा उर्फ लक्ष्मीपुर थाना श्यामदेवउरवा जिला महराजगंज

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 177/2024 धारा 419/420/467/468/471/120(बी) भा0द0वि0 थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्रा थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 तनवीर अहमद खाँ थाना हरपुर बुदहट,जनपद गोरखपुर
3. कां0 मंटू कुमार थाना हरपुर बुदहट,जनपद गोरखपुर
4. कां0 विजय नाग थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर